# आरे कारशेड में इसी महीने उतरेगा मेट्रो का नया रेक

## मुंबई के करीब मेट्रो-3 का तीसरा रेक, ट्रैफिक विभाग के अनुमति का इंतजार

## आरे में अब तक करीब 60 प्रतिशत पूरा हुआ कारशेड का काम

Pankaj.Pandey@timesgroup.com

■ **मुंबई :** मेट्रो का नया रेक आरे के कारशेड में जल्द ही उतरा जाएगा। आंध्रप्रदेश के श्रीसीटी में बना मेट्रो-3 कॉरिडोर की तीसरा रेक मुंबई के करीब पहुंच गया है। कारशेड में ट्रेन की अनलोडिंग करने के लिए एमएमआरसी ने अनलोडिंग प्लेटफॉर्म तैयार कर लिया है। वहीं आठ डिब्बों के रेक की जांच के लिए कारशेड के भीतर 600 मीटर लंबे टेस्ट ट्रैक बिछाने का भी काम पूरा कर लिया गया है।

एमएमआरसी के प्रॉजेक्ट डायरेक्टर एस. के गुप्ता के अनुसार, आरे में कारशेड तैयार करने का काम 59.5 प्रतिशत तक हो चुका है। मुंबई आने वाले सभी रेक अब सीधे कारशेड में उतारे जाएंगे। आरे में रेक की अनलोडिंग करने के साथ ही उनकी टेस्टिंग का काम भी यहां होगा। कारशेड में रेक का मूवमेंट करने के लिए 10 स्टेब्लिंग तैयार की जा रही हैं। बता दें कि कारशेड में इंतजाम नहीं होने की वजह से मेट्रो के दो रेक की अनलोडिंग और टेस्ट के लिए दूसरे स्थान पर अस्थाई व्यवस्था की गई है। आठ डिब्बों का नए रेक श्रीसीटी से सड़क मार्ग से मुंबई आ रहा है। लंबे ट्रेलर में रख कर आ रहे मेट्रो के इन डिब्बों को शहर में प्रवेश करने के लिए ट्रैफिक विभाग की अनुमति का इंतजार है। रेक के यहां आने के बाद सभी कोच की असेंबलिंग का काम 15 से 20 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। आवश्यक टेस्ट के बाद नए रेक को भी ट्रायल रन की प्रक्रिया में शामिल कर लिया जाएगा। कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रॉजेक्ट का कुल 80 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है।

**मेट्रो-3 प्रोग्रेस रिपोर्ट**

| | |
|---|---|
| प्रॉजेक्ट | 80.6% |
| फेस 1 | 86.4% |
| फेस 2 | 76% |
| सिविल वर्क | 92. 2% |
| सिस्टम वर्क | 49% |
| स्टेशन वर्क | 89.2% |
| ट्रैक वर्क | 58.5% |
| डिपो | 59.5% |

मेट्रो की अनलोडिंग के लिए कारशेड में प्लेटफॉर्म तैयार।

### 9 ट्रेन के साथ पहला चरण

एमएमआरसी ने आरे से बीकेसी के बीच 9 ट्रेन के साथ सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। अब तक दो ट्रेन एमएमआरसी को मिल चुकी हैं और तीसरी ट्रेन मुंबई के करीब आ गई है। हर महीने मेट्रो की 2 ट्रेन मुंबई आती रहेंगी। 31 ट्रेन के साथ पूरे रूट पर मेट्रो सेवाएं शुरू होंगी।

### दिसंबर से दौड़ेगी मेट्रो

सरकार ने मुंबई की पहली भूमिगत मेट्रो सेवा की शुरुआत इस वर्ष के अंत से करने का निर्णय लिया है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए बचा हुआ काम तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। पूरे कॉरिडोर के रूट पर 92 फीसदी तक सिविल वर्क पूरा कर लिया गया है। वहीं भूमिगत मार्ग तैयार करने का काम 100 फीसदी तक पूरा हो चुका है। दिसंबर 2023 तक सेवाएं शुरू करने के लिए मेट्रो का ट्रायल रन चल रहा है। सरकार ने पहले चरण के तहत इस साल आरे से बीकेसी और जून 2024 तक पूरे रूट पर सेवाएं शुरू करने की योजना बनाई है।

### मुख्य काम होगा पूरा

आरे में कारशेड का निर्माण कार्य 59 फीसदी तक हो चुका है। ट्रेन के रखरखाव और संचालन के लिए दिसंबर तक कारशेड पूरी तरह तक बनकर तैयार हो जाएगा। सितंबर तक कारशेड निर्माण के सभी मुख्य कार्य पूरे हो जाएंगे। मौजूदा समय में ओसीसी बिल्डिंग का स्ट्रक्चर तैयार कर लिया गया है। इस बिल्डिंग में वर्क शॉप, ट्रेनिंग रूम और डिपो कंट्रोल रूम होगा। वहीं ट्रैन वॉश प्लांट का काम पूरा कर लिया गया है। ट्रायल रन के लिए अनिवार्य 10 हजार किमी का काम भी जल्द पूरा किया जा सकता है।